राजस्थान पत्रिका, दिनांक : २३.०३.२०२४, पृष्ठ नं : ०२

-पेपर टिकट का लाभ रात 12 बजे तक लिया जा सकेगा

आईपीएल मैच के 3 दिन मेट्रो में आने-जाने की टिकट एक साथ ले सकेंगे

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (जीएमआरसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तहत शहर में होने वाले तीन क्रिकेट मैचों के दिन यात्रियों के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। हर बार की तरह इस बार भी मैच के दिन शहर के मेट्रो स्टेशन से मोटेरा स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम और नरेन्द्र मोदी स्टेडियम से शहर के अन्य मेट्रो स्टेशन तक आने-जाने की टिकट एक साथ ली जा सकेगी। इसके लिए मेट्रो ने विशेष पेपर टिकट की पेशकश की है। इस पेपर टिकट की कीमत 50 रुपए निर्धारित की गई है। मैच के तीनों दिन ये टिकट जारी की जाएगी। इस टिकट का लाभ रात 12 बजे तक उठाया जा सकेगा। क्योंकि मैच के दिन मेट्रो ट्रेन की सेवा भी रात 12 बजे तक दी जाएगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आगामी 24 मार्च, 31 मार्च तथा 4 अप्रेल को आईपीएल के मैच होने हैं। इन मैचों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मेट्रो ट्रेन में सफर करके नरेन्द्र मोदी स्टेडियम तक पहुंचते हैं। लौटते समय काफी भीड़ हो जाती है। मोटेरा स्टेशन पर भीड़ ना हो इसलिए यह विशेष पेपर टिकट जारी किया है, ताकि यात्री स्टेशन पर टिकट के लिए कतार में खड़े ना रहें, सीधे ही ट्रेन में बैठकर अपने स्टेशन तक का सफर कर सकें। इन तीनों दिन मेट्रो ट्रेन का समय सुबह 6.20 बजे से रात 12 बजे तक रहेगा।

मैच के दिन जनपथ तिराहे से मोटेरा तिराहे तक का मार्ग रहेगा बंद- आईपीएल मैच के दिनों में 24, 31 मार्च और 4 अप्रेल को स्टेडियम में उमड़ने वाली दर्शकों की भीड़ को देखते हुए जनपथ तिराहे से मोटेरा स्टेडियम होते हुए कृपा रेसिडेंसी होते हुए मोटेरा तिराहे तक का मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। वाहन चालक तपोवन सर्कल से ओएनजीसी सर्कल, विसत तीन रास्ता से साबरमती होते हुए चिमनभाई पटेल ब्रिज होते हुए आरटीओ की ओर जा सकेंगे। कृपा रेसिडेंसी से शरण स्टेटस चाररास्ता से भाट गांव होते हुए कोटेश्वर, अपोले सर्कल से इंदिराब्रिज की ओर आवाजाही कर सकेंगे। शहर पुलिस आयुक्त जी एस मलिकने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। 24 मार्च, 4 अप्रेल को दोपहर दो बजे से जबकि 31 मार्च को सुबह 11 बजे से यह मार्ग बंद रहेगा।



मेट्रो ट्रेन (फाइल फोटो)।

मोटेरा-साबरमती मेट्रो स्टेशन पर मिलेंगे टिकट

जीएमआरसी के अनुसार प्रतिव्यक्ति के इस पेपर टिकट का उपयोग किसी भी मेट्रो ट्रेन से दोनों तरफ से मोटेरा स्टेडियम के मेट्रो स्टेशन तथा साबरमती मेट्रो स्टेडियम तक हो सकेगा। ये टिकिट मोटेरा स्टेडियम और साबरमती मेट्रो स्टेशन से सुबह आठ बजे से खरीदे जा सकेंगे। मैच समाप्त होने पर रात को टिकिट खरीदने के लिए लाइन में लगने से भी मुक्ति मिलेगी।